दिन– मंगलवार

दिनांक– 10 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के वोटों की गिनती के रूझानों में निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। प्रथम वरीयता के मतों के लिए नौ चक्र की हुई गिनती में ब्रजवासी को कुल तेईस हजार तीन मत प्राप्त हुए। वहीं, दूसरे स्थान पर जनसुराज के विनायक गौतम रहे। उन्हें बारह हजार चार सौ सड़सठ वोट मिले। राजद के गोपी किशन को ग्यारह हजार छह सौ और जदयू के अभिषेक झा को दस हजार तीन सौ सोलह मत प्राप्त हुए। अभी दूसरी वरीयता के मतों की गिनती जारी है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में चार लाख तिरासी हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा के लिए राज्यभर में नौ सौ पच्चीस केंद्र बनाए गये हैं। इन केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर तीस हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। सभी केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा को लेकर अफवाह फैलानों वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है जिसमें कहा जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दो बैंक में खाता रखने पर जुर्माने का प्रावधान किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने इस खबर को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि आरबीआई ने ऐसा कोई दिशा–निर्देश जारी नहीं किया है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना समाहरणालय के नए भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भवन निर्माण विभाग के मंत्री जयंत राज भी उपस्थित थे। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में उनतालीस विभागों के कार्यालय एक साथ काम करेंगे। समाहरणालय भवन में चार सौ से अधिक वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भवन परिसर में दो सौ पच्चीस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

---

आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा की याद में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर अपने संदेश में कहा कि राज्य सरकार मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

---

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस और गिरावट होने की संभावना है। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में घना कोहरा छाया रहेगा। राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

पटना के फुलवारीशरीफ में एक तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने पटना–खगौल मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया।

---

अरवल जिले के बनिया बिगहा गांव के पास एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तेरह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————

बेतिया की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी रूपेश गिरी को बीस वर्ष कठोर कारावास और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

औरंगाबाद में पिछले दिनों एक पूर्व पैक्स अध्यक्ष की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और एएलटीएफ की टीम ने छापेमारी कर कई शराब भट्ठियो को नष्ट कर दिया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।